**(GCF-7, GCF-14)**

**DATE: 02.10.2019** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 2 Hours**

## ECONOMICS AND COMMERCIAL KNOWLEDGE

**All Questions is compulsory.**

(1) यदि औसत लागत गिर रही है, तो –
- (a) सीमान्त लागत बढ़ रही है।
- (b) सीमान्त लागत घट रही है।
- (c) सीमान्त लागत औसत लागत के बराबर है।
- (d) यह बताना सम्भव नही है कि सीमान्त लागत घट रही है या बढ़ रही है।

(2) निम्न में से कौनसी लागत उत्पादन बढ़ने पर लगातार बढ़ती जाती है ?
- (a) औसत लागत
- (b) सीमान्त लागत
- (c) स्थिर लागत
- (d) परिवर्तनशील लागत

(3) यदि माँग वक्र पूर्णतया लोचदार है और पूर्ति वक्र बायीं ओर परिवर्तित हो जाऐ तो –
- (a) कीमत शून्य हो जाऐगी
- (b) कीमत बढ़ जाऐगी
- (c) कीमत घट जाऐगी
- (d) कीमत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

(4) माँग के नियम के अन्तर्गत –
- (a) वस्तु की कीमत एक स्वतंत्र चर है
- (b) वस्तु की माँग एक आश्रित चर है
- (c) कीमत और माँग के मध्य पारस्परिक संबंध होता है
- (d) उपरोक्त सभी

(5) जब एक उपभोक्ता एक उदासीनता वक्र पर ऊपर की ओर गतिशील होता है तो उसकी कुल उपयोगिता–
- (a) पहले बढ़ती है फिर घटती है
- (b) पहले घटती है फिर बढ़ती है
- (c) समान रहती है
- (d) बढ़ती है

(6) निम्न में से कौनसी एक क्रमवाचक विचारधारा की मान्यता नहीं है–
- (a) उपभोक्ता की पंसद स्थिर रहती है
- (b) उपभोक्ता वस्तु की कुल उपयोगिता को माप सकता है
- (c) उपरोक्त कभी पूर्ण रूप से सन्तुष्ट नहीं होता है
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(7) पैमाने के प्रतिफलों को समझाया जा सकता है :–
- (a) आन्तरिक व बाहरी बचतों से
- (b) आन्तरिक व बाहरी हानियों से
- (c) बाहरी बचतों व आन्तरिक हानियों से
- (d) उपरोक्त सभी।

(8) मूल्य विभेद निर्भर करता है :–
- (a) मांग की लोच पर
- (b) पूर्ति की लोच पर
- (c) बाजार के आकार पर
- (d) उपरोक्त सभी।

(9) एकाधिकारी द्वारा दो बाजारों में लाभ अधिकतमकरण की शर्त है :–
- (a) $MR = MC_a = MC_b$
- (b) $MC = MR_a = MR_b$
- (c) $AR = MR_a = MR_b$
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(10) एक एकाधिकारी अपने उत्पाद का मूल्य निर्धारित कर सकता है, परन्तु _______ निर्धारित नहीं कर सकता।
- (a) आगम
- (b) लागत
- (c) पूर्ति
- (d) मांग

(11) यदि फर्म की औसत आगम उसकी औसत लागत से कम परन्तु उसकी औसत परिवर्तनशील लागत से अधिक हो, ता फर्म को _________
- (a) उत्पादन बन्द करना चाहिये।
- (b) हानि कम करने के लिए कीमत बढ़ानी चाहिये।
- (c) हानि कम करने के लिए लागत घटानी चाहिये।
- (d) हानि को कम करने के लिए उत्पाद जारी रखना चाहिये।

(12) डम्पिंग किस बाजार से सम्बन्धित है :–
- (a) पूर्ण प्रतियोगिता
- (b) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता
- (c) एकाधिकार
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(13) शोषण तथा असमानता किस अर्थव्यवस्था में अधिकतम होता है ?
- (a) समाजवाद
- (b) पूंजीवाद
- (c) मिश्रित अर्थव्यवस्था
- (d) साम्यवाद

(14) मांग पूर्वानुमान में आर्थिक सूचक कहलाते है :–
- (a) बाजार प्रयोग विधि
- (b) वायुदाब मापी विधि
- (c) उपभोक्ता व्यवहार विधि
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(15) यदि केले की कीमत 20रू से बढाकर 30रू प्रतिदर्जन हो गई ओर पूर्ति 250 दर्जन से 320 दर्जन तक की गई तो पूर्ति की लोच होगी।
- (a) .70
- (b) –.67
- (c) .61
- (d) .77

(16) मांग मे जो बदलाव मूल्य के अलावा अन्य घटक से होता है उसे कहते है–
- (a) मांग मे उतार–चढ़ाव
- (b) मांग में संकुचन / विस्तार
- (c) मांग संकुचन
- (d) मांग में परिवर्तन

(17) आदत्तन के सम्बन्ध में कीमत लोच होगी :
- (a) बेलोचदार
- (b) लोचदार
- (c) इकाई लोचदार
- (d) पूर्णत : बेलोचदार

(18) निम्न में से कौनसा उत्पाद सर्वोच्च उपभोक्ता आधिक्य प्रदान करता हैं।
- (a) आईस्क्रीम
- (b) कार
- (c) कलर टेलीविजन
- (d) पानी

(19) मांग वक्र के कुल क्षेत्र को ........................ के द्वारा मापा जाता है–
- (a) सीमान्त उपयोगिता
- (b) कुल उपयोगिता
- (c) उपभोक्ता आधिक्य
- (d) उत्पादक आधिक्य

(20) एक विवेकशील उपभोक्ता किस अवस्था में रहकर उत्पादन करना चाहेगाः–
- (a) जहाँ MP अधिकतम होता है
- (b) जहाँ MP व AP दोनों घटते हैं परन्तु धनात्मक रूप से
- (c) जहाँ MP ऋणात्मक हो जाये
- (d) (b) व (c) दोनों में।

(21) फर्म के उत्पादन का कुशलत्तम स्तर होता है, जहाँ :–
- (a) MC न्यूनतम हो
- (b) AVC न्यूनतम हो
- (c) AFC न्यूनतम हो
- (d) AC न्यूनतम हो

(22) X व्यक्ति बिड़ला सीमेन्ट में 20,000 रूपये पर नौकरी कर रहा था, उसे श्री सीमेन्ट से 50,000 रूपये की नौकरी का प्रस्ताव आता है। यदि वह 50,000 रूपये की नौकरी का प्रस्ताव स्वीकार कर लेता है तो X व्यक्ति के लिए अवसर लागत होगी –
- (a) 20,000 रूपये
- (b) 50,000 रूपये
- (c) 30,000 रूपये
- (d) कोई अवसर लागत नहीं

(23) ह्रासमान सीमान्त प्रतिफल से आशय है–
- (a) ह्रासमान औसत परिवर्तनशील लागतें
- (b) ह्रासमान सीमान्त लागतें
- (c) वृद्धिमान सीमान्त लागतें
- (d) ह्रासमान औसत स्थिर लागतें

(24) श्रम–उत्पादन तकनीक का प्रयोग किया जाता है।
   (a) श्रम–आधिक्य अर्थव्यवस्था में
   (b) पूँजी आधिक्य अर्थव्यवस्था में।
   (c) विकसित अर्थव्यवस्था में
   (d) विकासशील अर्थव्यवस्था में।

(25) एक विद्युत उत्पादन प्लान्ट में जब प्लान्ट अत्यधिक बढता है आउटपुट के मामले में प्लान्ट विफलता के खतरे गैर आनुपातिक तौर पर बढते हैं। यह पैमाने पर विफलता के किस विचार के बारे में कह रहा है?
   (a) पैमाने पर समान प्रतिफल
   (b) पैमाने पर वृद्विक प्रतिफल
   (c) पैमाने पर ह्रासित प्रतिफल
   (d) पैमाने पर समतुल्य प्रतिफल

(26) अर्थशास्त्र है।
   (a) एक सटीक विज्ञान
   (b) सटीक विज्ञान नही है
   (c) विज्ञान ही नही है
   (d) उपरोक्त में से कोई नही

(27) आर्थिक नियम होते है–
   (a) सटीक
   (b) विशिष्ट मान्यताओं पर आधारित
   (c) अनिवार्य
   (d) सरकार द्वारा शक्ति से परिवर्तनीय

(28) उदासिनता वक्र बाएं से दायीं की ओर झुकता है जिसमें एक वस्तु ज्यादा तथा दुसरी वस्तु कम उपभोग करते हुए––––––––होता है।
   (a) समान संतुष्टि
   (b) उच्च संतुष्टि
   (c) अधिकतम संतुष्टि
   (d) गिरता हुआ व्यय

(29) वह समयावधि जिसमें पूर्ति को बढाया ना जा सकें कहलाती है?
   (a) बाजार अवधि
   (b) अल्पकाल
   (c) दीर्घकाल
   (d) उपरोक्त में से कोई नही

(30) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है ?
   (a) सीमान्त उत्पति और औसत उत्पति दोनों कुल उत्पति से ज्ञात किये जा सकते है।
   (b) जब AP वक्र बढ़ता है, तो MP > AP
   (c) जब AP अधिकतम होता है, तब MP = AP
   (d) जब AP गिरता है, तो MP भी गिरता है, लेकिन MP > AP

(31) इस बात का अध्ययन कि कैसे कारपोरेट आयकर की दर में वृद्धियाँ राष्ट्रीय बेरोजगारी की दर को प्रभावित करेंगी एक उदाहरण है :
(a) व्यापक अर्थशास्त्र का
(b) विवेचानात्मक अर्थशास्त्र का
(c) सूक्ष्म अर्थशास्त्र का
(d) आदर्श मूलक अर्थशास्त्र का

(32) वास्तविक व आदर्श मूलक अर्थशास्त्र में अन्तर है।
(a) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवसाय के प्रदर्शन की व्याख्या करता है जबकि आदर्श मूलक अर्थशास्त्र में अर्थव्यवसाय के बुरे प्रदर्शन के कारणों की व्याख्या करता है।
(b) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों की व्याख्या करता है जबकि आदर्श मूलक अर्थशास्त्र इस बात की जॉच करता है अर्थव्यवस्था के लोगों के लिए क्या चीज अच्छी है और क्या बुरी।
(c) आदर्श मूलक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों का अध्ययन करता है जबकि वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा व क्या बुरा है कि व्याख्या करता है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

(33) निम्न में से कौन व्यवसायिक अर्थशास्त्र का अध्ययन क्षेत्र नही है
(a) पूँजी बजट
(b) जोखिम अध्ययन
(c) व्यापार चक्र
(d) Accounting Standard (लेखामानक)

(34) मॉग में वृद्धि किसका परिणाम होती है।
(a) बाजार कीमत में कमी
(b) आय में वृद्धि
(c) स्थानापन्न वस्तु की कीमत में कमी
(d) पूरक वस्तु की कीमत में वृद्धि

(35) जब x व्यक्ति की आय 5000 रू. थी तब वस्तुओं पर खर्च की जाने वाली आय 2000 रू. थी तथा आय के 8000 रू. होने पर वस्तुओं पर खर्च की जाने वाली आय 5000 रू. हो गयी तो आय व वस्तुओं पर खर्च की जाने वाली आय के मध्य पाये जाने वाले संबंध को लोच में व्यक्त करो:–
(a) $e > 1$
(b) $e = 1$
(c) $e = 0$
(d) $e < 1$

(36) मांग वक्र के किन्ही दो बिन्दुओं के मध्य निकाले जाने वाली लोच को कहते है–
(a) मुल्य लोच
(b) चाप लोच
(c) बिन्दु लोच
(d) आय लोच

(37) मांग उत्पन्न होती हैं–
(a) सामाजिक वस्तुऐं उदाहरण खाद्यान्न, कपड़ा
(b) हानिकारक उत्पाद उदाहरण शराब, सिगरेट
(c) (a) व (b) दोनों
(d) (a) व (b) दोनो नहीं

(38) औसत उत्पादन वक्र पर कौनसी स्थिति लागू नहीं होती है –
- (a) धनात्मक ढ़ाल
- (b) गिरता हुआ ढ़ाल
- (c) स्थिर ढ़ाल
- (d) ग्राफ के ऋणात्मक मार्ग में ढ़ाल का प्रवेश

(39) अगर किसी वस्तु की मांग लोचदार होती है तो जब उसका मुल्य बढता है तो कुल व्यय होगा–
- (a) समान
- (b) बढेगा
- (c) घटेगा
- (d) इनमें से कोई नही

(40) अल्पकाल में उत्पादन के ––––––––– साधन परिवर्तनशील होते है।
- (a) सभी
- (b) कोई नही
- (c) एक
- (d) उपरोक्त सभी

(41) सामान्यतः उत्पादन फलन बताता है।
- (a) उत्पादन के साधनों की उत्पादकता।
- (b) उत्पादन के साधनों में संयोग।
- (c) भौतिक साधनों व उत्पादन में संबंध।
- (d) पैमानें की बचतें।

(42) सरकार द्वारा सार्वजनिक उद्यान के निर्माण से उत्पन्न लागत कहलाती हैः–
- (a) सामाजिक लागत
- (b) सीमांत लागत
- (c) वास्तविक लागत
- (d) निजी लागत

(43) निम्नलिखित के द्वारा 10 इकाईयों पर औसत परिवर्तनशील लागत निकालियें :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उत्पादन | : | 0 | 10 | 20 |
| कुल लागत | : | Rs. 200 | Rs. 400 | Rs. 800 |

- (a) Rs. 40
- (b) Rs. 20
- (c) Rs. 200
- (d) Rs. 400

(44) पूर्ण प्रतियोगिता के फर्म मूल्य स्वीकारक होती है तथा ––––––––– वक्र क्षैतिज होता है–
- (a) MC
- (b) TC
- (c) TR
- (d) MR

(45) यदि कोई बिन्दु बजट रेखा से नीचे हो, तो वह उपभोक्ता–
- (a) अपनी आय का पूर्ण व्यय नहीं कर रहा है
- (b) अपनी आय का पूर्ण व्यय कर रहा है
- (c) अपनी आय का शायद पूर्णतया व्यय कर भी रहा है और नहीं भी
- (d) साम्य पर है

(46) दीर्घकाल में "पूर्ति की लोच" होगी–
- (a) समान
- (b) बेलोचदार
- (c) लोचदार
- (d) उपरोक्त सभी

(47) जब औसत उत्पाद गिरता है, तब–
- (a) सीमान्त उत्पाद से कम होता है
- (b) सीमान्त उत्पाद से अधिक होता है
- (c) सीमान्त उत्पाद के बराबर होता है
- (d) उपरोक्त में से कोई भी

(48) निम्नलिखित कुल उत्पाद श्रृंखला में कौनसा परिवर्तनशील क्रम घटती सीमान्त प्रत्याय को दर्शाता है–
- (a) 5, 5, 5, 5
- (b) 5, 11, 18, 26
- (c) 5, 9, 12, 14
- (d) 5, 10, 15, 20

(49) जब TR गिरता है–
- (a) AR शून्य होता है
- (b) MR शून्य होता है
- (c) MR ऋणात्मक होता है
- (d) AR गिरता रहता है

(50) सूक्ष्य अर्थशास्त्र––––––होता है–
- (a) सारगर्भित
- (b) वैचारिक
- (c) अवास्तविक मान्यताओं पर आधारित
- (d) उपरोक्त सभी

(51) "डैल्फी विधि" को––––––द्वारा विकसित किया गया था–
- (a) पीटर ड्रकर
- (b) एल्फर्ड मार्शल
- (c) ओलाफ हेल्मर
- (d) एडम स्मिथ

(52) मांग पूर्वानुमान की प्रवृत्ति प्रक्षेपण विधि––––––––है–
- (a) आधुनिक
- (b) प्राचीन
- (c) नवप्रर्वतन
- (d) उपरोक्त सभी

(53) Q = - 100 + 20P इस पूर्ति फलन में पूर्ति की बिन्दु लोच विधि का उपयोग करते हुये जब मूल्य रुपये 20 है, तो लोच निकालिये–
- (a) 300
- (b) 3
- (c) 1.33
- (d) 5

(54) जब X वस्तु का मूल्य से बढ़ता है, तो Y वस्तु की मांगी गई मात्रा 50% से घटती है, तो मांग की आड़ी या तिरछी लोच होगी–
(a) + 1%
(b) - 1%
(c) 100%
(d) -100%

(55) व्यक्तिगत लागत–––––––––प्रकृति की होती है–
(a) बर्हिमुखी
(b) अर्न्तमुखी
(c) a व b दोनों
(d) उदासीन

(56) ––––––स्वतंत्र बाजार भी कहलाता है–
(a) नियंत्रित बाजार
(b) स्पॉट बाजार
(c) अनियंत्रित बाजार
(d) दीर्घकालिन बाजार

(57) एल्यूमिनियम उद्योग उदाहरण है–
(a) पूर्ण अल्पाधिकार
(b) बंद अल्पाधिकार
(c) सिंडीकेट अल्पाधिकार
(d) संगठित अल्पाधिकार

(58) मूल्य विभेद–––––––––का प्रमुख लक्षण है–
(a) द्वियाधिकार
(b) एकाधिकार
(c) पूर्ण प्रतियोगिता
(d) अल्पाधिकार

(59) समय तत्व किसके द्वारा दिया गया है–
(a) एल्फ्रेड मार्शल
(b) पीगू
(c) रॉबिन्स
(d) एडम स्मिथ

(60) कॉंबवेब विचारधारा–––––––––––द्वारा दी गई है–
(a) एडम स्मिथ
(b) निकोलस केलडर
(c) कीन्स
(d) पीगू

(61) निम्न में से क्या आर्थिक उद्देश्य के बारे में सही नहीं है ?
(a) इसे मुद्रा में मापा जा सकता है।
(b) इसे मुद्रा से सम्बन्धित किया जा सकता है।
(c) यह भावनात्मक सम्बन्धों पर आधारित है।
(d) राष्ट्रीय आय से सम्बन्धित होते है।

(62) उत्पादकीय गतिविधि का अर्थ है _______ के लिए उत्पाद।
(a) स्वयं के लिए
(b) परिवार के लिए
(c) बाजार के लिए
(d) उपरोक्त सभी

(63) SBI का वर्तमान प्रमुख वित्तीय अधिकारी कौन है ?
(a) अंशुला कान्त
(b) नटराजन चन्द्रशेखरन
(c) आलोक कुमार अग्रवाल
(d) इनमें से कोई नहीं।

(64) बाहरी पर्यावरण की जरूरतों को पूरा करना और ग्राहकों के समुहों की अपेक्षाओं और मांगो को पूरा करना कहलाता है ?
(a) पारस्परिक समझौता
(b) परस्पर निर्भर प्रक्रिया
(c) प्रबन्धन प्रक्रिया
(d) बातचीत प्रक्रिया

(65) बाजार का अध्ययन करने के लिए निम्न में से किस घटक पर विचार किया जाता है।
(a) बाजार की परिपक्वता।
(b) बाजार की लागत संरचना।
(c) बाजार की मूल्य संवदेनशीलता
(d) उपरोक्त सभी।

(66) वे वस्तुऐं जिन्हें इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में इस्तेमाल किया जाता है, कहलाती है :–
(a) उपभोक्ता वस्तुऐं
(b) पूंजीगत वस्तुऐं
(c) डिजिटल वस्तुऐं
(d) इनमें से कोई नहीं।

(67) वह दर जिस दर पर केन्द्रीय बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों के बिलों का बट्टा किया जाता है :–
(a) बैंक दर
(b) नगद रिजर्व अनुपात
(c) वैधानिक तरलता अनुपात
(d) इनमें से कोई नहीं।

(68) भारत में निम्न में से किसमें विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की आज्ञा नहीं है ?
(a) चिट फण्ड
(b) स्थिर सम्पत्ति
(c) सिगरेट निर्माण
(d) उपरोक्त सभी।

(69) निम्न में से कौनसा कथन हिन्दु अविभाजित परिवार व्यवसाय को सही परिभाषित करता है।
(a) व्यवसाय का यह तरीका केवल भारत में ही प्रचलित है
(b) सभी पारिवारिक व्यवसाय हिन्दु अविभिजित परिवार व्यवासय होते है।
(c) हिन्दु अविभाजित परिवार व्यवसाय में केवल परिवार के सदस्य ही शामिल होते है।
(d) a व c दोनों

(70) निम्न मे से कौनसी व्यवसायिक पर्यावरण की विशेषता है
- (I) पर्यावरण स्थैतिक है
- (II) पर्यावरण गत्यात्मक है
- (III) पर्यावरण एक मुश्किल अवधारणा है और इसके कई पहलू है।
- (IV) इसकी पहुॅच अल्पकालीन है

Options
- (a) Point I & III
- (b) Point I, II & III
- (c) Point II & IV
- (d) Point II & III

(71) मार्केटिंग पर्यावरण में केन्द्रीय भूमिका किसकी होती है।
- (a) उपभोक्ता
- (b) खरीददार
- (c) सगंठन
- (d) उपरोक्त सभी

(72) Price Sensitivity of the market (व्यापार की कीमत संवेदनशीलता) व्यष्टि पर्यावरण के कौनसे भाग का प्रमुख साधन है।
- (a) पूर्तिकर्ता
- (b) व्यापार
- (c) मध्यस्थ
- (d) उपभोक्ता

(73) निम्न मे से कौन आर्थिक पर्यावरण का भाग नही।
- (a) बाजार एवं व्यापार चक्र
- (b) उपभोक्ता के खरीदने का तरीका
- (c) उपभोक्ता की खर्च करने की क्षमता
- (d) ब्याज व विनिमय दर

(74) ...................... पर्यावरण एक देश की प्रकृति तथा दिशा को दर्शाता है जिसमे एक उद्योग या कम्पनियॉ प्रतियोगिता करती है
- (a) सामाजिक–सांस्कृतिक
- (b) आन्तरिक
- (c) व्यष्टि
- (d) आर्थिक

(75) रिलायन्स इण्डस्ट्रीज की स्थापना कब हुई
- (a) 1965
- (b) 1966
- (c) 1978
- (d) 1959

(76) किस गैस कम्पनी के पास भारत का सबसे लम्बा पाइपलाइन नेटवर्क है
- (a) गेल (इण्डस्ट्रीज)
- (b) भारत पैट्रोलियम
- (c) रिलायंस इण्डस्ट्रीज
- (d) ONGC

(77) Infosys द्वारा निर्मित वैश्विक बैकिंग प्लेट फार्म कहलाता है।
- (a) माना
- (b) Finical
- (c) SKAUA
- (d) Panay cloud site

(78) वार्षिक वित्तीय व्यय, कर, प्रशुल्क तथा सेना पर खर्च का निर्णय किसके अन्तर्गत आता है।
- (a) नीतियां
- (b) बजट
- (c) लक्ष्य निर्धारण
- (d) दीर्घकालिन नियोजन प्रक्रिया

(79) निजीकरण का वह रूप जिसमें सरकार सारी उत्तरदायित्व अपने पास बनाऐ रखती है निजी क्षेत्र को प्रबंधन सौप देती है कहलाता है।
- (a) विनिवेश
- (b) विनियमित करना
- (c) प्रत्यायोजन
- (d) विकेन्द्रीकरण

(80) हुन्डई इण्डिया लिमिटेड ने भारत में FDI मार्ग के द्वारा प्रवेश किया या तो यह कौनसा पथ है–
- (a) सार्वजनिक क्षेत्र का विनिवेश
- (b) संयुक्त उपक्रम
- (c) 100 प्रतिशत भारतीय सहयोगी संस्था
- (d) सरकारी उद्योग को प्रतिस्थापित करना

(81) सेबी के खिलाफ प्रथम अपील कहॉ की जा सकती है
- (a) उच्च न्यायालय
- (b) सर्वोच्च न्यायालय
- (c) सिक्योरिटी–अपील ट्रिब्यूनल
- (d) भारतीय रिजर्व बैंक

(82) कीमत संवेदनशीलता का अर्थ है।
- (a) कीमत परिवर्तन का उपभोक्ता पर प्रभाव
- (b) कुछ समय के लिए किसी वस्तु का ऊॅची कीमत वसूल करना जब बाजार में कोई नया और विकसित उत्पादन बाजार में आया हो।
- (c) बाजार में नये पूर्तिकर्ताओं का प्रवेश रोकने के लिए कम कीमत पर अपने उत्पादन को बेचने की रणनीति
- (d) यह किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन से उसकी मांग में होने वाले परिवर्तनों को मापता है।

(83) व्यवसायिक संगठन आगतों के लिए किस पर्यावरण पर निर्भर है:
- (a) तकनीकी पर्यारवरण
- (b) सामाजिक व आर्थिक पर्यावरण
- (c) बाहरी पर्यावरण
- (d) कानुनी पर्यावरण

(84) पर्यावरणीय विश्लेषण हमारी मद्द करता है:
- (a) नितीगत निर्णय के लिए आगत प्रदान करना
- (b) फर्म के खतरे को फर्म की योग्यता बनाना
- (c) अवसरों का अधितम लाभ उठाना
- (d) उपरोक्त सभी

(85) निजी क्षेत्र में किसी व्यवसाय की कार्यकुशलता को मापा जाता है
- (a) लाभदायकता
- (b) उपभोक्ता की सन्तुष्टी
- (c) कर्मचारियों की संख्या
- (d) निदेशक समूह का वेतन

(86) HDFC बैंक के वर्तमान चैयरमैन है
- (a) दीपक एस पारेख
- (b) एम.के. शर्मा
- (c) संजीव सिंह
- (d) चन्दन कुमार डे.

(87) किस दवा निर्माता कम्पनी का स्लोगन है ''Caring for life"
- (a) डा रेड्डी
- (b) लुपिन
- (c) सिपला लि.
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(88) सार्वजनिक नितियां सदैव ......................... होती है
- (a) लक्ष्य आधारित
- (b) अल्पपरिभाषित
- (c) अमीरों के लिए
- (d) गरीबों के लिए

(89) वह FDI जिसके लिये सरकार या RBI से अनुमति लेने की आवश्यकता नही है वह है।
- (a) ग्रीन चैनल
- (b) प्राथमिक मार्ग
- (c) गैर व्यवसायिक मार्ग
- (d) स्वचालित मार्ग

(90) कौनसी वैधानिक संस्था सेबी से पहले वित्तीय मामलों को नियंत्रित करती थी
- (a) Controller of capital issued
- (b) RBI
- (c) IRDAI
- (d) भारत सरकार

(91) भारतीय औद्योगिक वित्तीय संस्थान (IFCI) की स्थापना कब हुई
- (a) 1945
- (b) 1946
- (c) 1947
- (d) 1948

(92) B2B का अर्थ है–
- (a) उपभोक्ता के खरीदने का वह तरीका जहॉ पर वह यह तय करता है उसे क्या चीजे खरीदनी है और क्या नही।
- (b) एक कम्पनी द्वारा अपना उत्पाद को बेचने की रणनीति
- (c) एक व्यवसाय से दूसरे व्यवसाय के बीच मार्केटिंग गतिविधियॉ
- (d) उपरोक्त में से कोई नही।

(93) साझेदारी का क्या लाभ है ?
- (a) तुरन्त निर्णय
- (b) अधिक पूंजी
- (c) व्यक्तिगत हित
- (d) उपरोक्त सभी।

(94) यह एक प्रकार का ऋण है, जिसके पीछे किसी भौतिक सम्पदा की गारन्टी नहीं होती है–
- (a) बोण्ड
- (b) ऋणपत्र
- (c) वचन पत्र
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(95) भारत में माइक्रोसॉफ्ट कब प्रारम्भ हुआ ?
- (a) 1990
- (b) 1991
- (c) 1995
- (d) 1989

(96) Power System Operation Corporation Limited किस कम्पनी की सहायक कम्पनी है ?
- (a) ONGC
- (b) Power Grid
- (c) IOC
- (d) NTPC

(97) पर्यावरण में बदलाव –
- (a) फर्मो द्वारा सदैव स्वीकार किया जाता है।
- (b) फर्मो द्वारा सदैव नकार दिया जाता है।
- (c) फर्म के लिए कभी–कभी अवसर और कभी–कभी खतरा उत्पन्न करता है।
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(98) निम्नलिखित कथन पर्यावरण से किस रणनीतिक प्रतिक्रिया दृष्टिकोण से सम्बन्धित है, वे उस माहौल में हुए बदलावों की निगरानी करना चाहते है, अपने लक्ष्यों और गतिविधियों पर उनके प्रभाव का विश्लेषण करना चाहते है और जीवित रहने, स्थिरता और ताकल के लिए विशिष्ट रणनीतियों के संदर्भ में उनके मूल्यांकन का अनुवाद करना चाहते है।
- (a) सावधानी के साथ आगे बढ़ना
- (b) न्यूनतम प्रतिरोध
- (c) गत्यात्मक प्रतिक्रिया
- (d) स्थिर प्रतिक्रिया

(99) David Easton ने राजनीतिक नीति निर्माण के लिए एक मॉडल दिया था, जो कि जाना जाता है :–
- (a) Feedback
- (b) Black Box Model
- (c) White Box Model
- (d) (a) तथा (b) दोनों

(100) कृषि ऋणों को माफ करना किस प्रकार की नीति है ?
- (a) नियामक नीति
- (b) सुविधा नीति
- (c) प्रतिबन्धात्मक नीति
- (d) वितरण नीति

***